Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 19

SS–30–Accountancy (Supp.)

Tear Here

# उच्च माध्यमिक पुरक परीक्षा, 2018

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2018

## लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

समय : 3¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रुपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।
If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

यहाँ से काटिए

6) i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब।

ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।

iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सात प्रश्नों को हल करना है।

i) This question paper contains two Sections - A and B.

ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.

iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.

7)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| ब | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | अथवा | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

| **Section** | **Q. Nos.** | **Marks per question** |
|---|---|---|
| A | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| B | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | OR | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

8) प्रश्न संख्या **22** (खण्ड–अ) तथा **30** (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं।

There are internal choices in Q. No. **22** (Section-A) and Q. No. **30** (Section-B).

## खण्ड – अ

## SECTION - A

1) एक साझेदारी फर्म द्वारा लाभ–हानि नियोजन खाता क्यों बनाया जाता है? [1]

Why Profit and Loss Appropriation Account is prepared by a Partnership firm?

2) अवकाश ग्रहण करने वाले अथवा मृत्तक साझेदार को ख्याति में हिस्सा पाने का अधिकार क्यों होता है? [1]

Why a retiring or deceased partner is entitled to a share of goodwill of the firm?

3) मृतक साझेदार के निष्पादक को अदत्त राशि पर ब्याज किस दर से देय होता है? [1]

At what rate of interest is payable on the amount remaining unpaid to the executor of deceased partner?

4) पूजा के अवकाश ग्रहण करने के समय 'कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के ₹ 30,000 के विभाजन हेतु जर्नल प्रविष्टि कीजिए, यदि इसके लिए कोई दावा नहीं है। फर्म में शिवानी, पूजा तथा सुमन तीन साझेदार हैं जिनका लाभ हानि अनुपात 3:2:1 है। [1]

Give the journal entry to distribute 'Workmen Compensation Reserve' of ₹ 30,000 at the time of retirement of Pooja, when there is no claim against it. The firm has three partners Shivani, Pooja & Suman and their profit sharing ratio is 3:2:1.

5) फर्म के समापन के समय डूबत ऋण प्रावधान खाते का शेष किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है? [1]

At the time of dissolution of the firm balance of provision for bad debts A/c is transferred to which A/c?

6) ऋणपत्रों के समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन की स्थिति में, यदि प्रविष्टि की जाती है तो किस खाते को नामे किया जाएगा? [1]

In the case of issue of debentures as collateral security, if entry is passed, which account will be debited?

**7)** **संदीप लि. ने उमेश से ₹ 90,000 की मशीनरी क्रय की, उसके प्रतिफलस्वरूप उमेश को ₹ 1,00,000 अंकित मूल्य के 9% ऋणपत्र निर्गमित किये। संदीप लि. की पुस्तकों में ऋणपत्र के निर्गमन की प्रविष्टि कीजिए।** **[1]**

Sandeep Ltd. purchased a machinery from Umesh for ₹ 90,000. For the consideration of it, issued 9% Debentures with a nominal value of ₹ 1,00,000 to Umesh. Give a journal entry in the books of Sandeep Ltd. for issue of debentures.

**8)** **संयुक्त साहस का समापन कब होता है?** **[1]**

When dissolution of the Joint Venture is happen?

**9)** **अनिल व सुनील साझेदार हैं जो लाभ हानि 3:2 में बांटते हैं। उन्होनें लाभों में 1/3 हिस्से के लिए मुकेश को नया साझेदार बनाया। मुकेश ख्याति में अपने हिस्से के लिए ₹ 20,000 नकद, ₹ 30,000 फर्नीचर तथा ₹ 10,000 का स्टॉक लाया। फर्म की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।** **[2]**

Anil and Sunil are partners sharing profits & losses in the ratio of 3:2. They Admitted Mukesh for $1/3^{rd}$ share as a new partner. Mukesh brought ₹ 20,000 in cash, furniture worth ₹ 30,000 and stock worth ₹ 10,000 for his share of goodwill. Give necessary journal entries in the books of the firm.

**10)** **मनीष और गोविन्द कपड़े के क्रय विक्रय करने हेतु संयुक्त साहस में प्रवेश करते हैं और लाभ–हानि को 2:1 के अनुपात में बाटने का निश्चय करते हैं। मनीष ने ₹ 1,80,000 के कपड़े खरीदे तथा किराया व बीमे के 6,000 चुकाये। गोविन्द ने ₹ 1,00,000 के कपड़े खरीदे तथा खर्चे के 4,000 चुकाए। मनीष ने ₹ 2,50,000 के कपड़े तथा गोविन्द ने 70,000 के कपड़े बेचे। मनीष की पुस्तकों में संयुक्त साहस खाता बनाइए यह मानते हुए कि सभी साहसी समस्त व्यवहारों का लेखा रखते हैं।** **[2]**

Manish and Govind entered in joint venture to purchase and sales of cloth and decide to distribute profits or loss in 2:1 ratios. Manish purchased cloth ₹ 1,80,000 and paid ₹ 6,000 for Rent & Insurance. Govind purchased cloth ₹ 1,00,000 and paid ₹ 4,000 for expenses. Manish sold the cloths worth ₹ 2,50,000 and Govind sold cloths for ₹ 70,000. Prepare Joint Venture Account in the books of Manish assuming that all transactions are entered by both parties.

**11)** **प्रेषणी की बहियों में प्रेषण सम्बन्धी डूबत ऋण की जर्नल प्रविष्टियां दीजिए यदि –** **[2]**

i) **उसे परिशोध कमीशन दिया गया हो**

ii) **उसे परिशोध कमीशन नहीं दिया गया हो**

Pass journal entries in the books of consignee for bad debts in respect of consignment if

i) He was given Del Credere commission

ii) He was not given Del Credere commission

**12)** **कुलदीप ने राहुल को 50 साईकिलें ₹ 2,000 प्रति साईकिल के भाव से प्रेषण पर भेजी तथा प्रेषण व्यय ₹ 10,000 हुए। रास्ते में 10 साईकिलें चोरी हो गयी। राहुल ने शेष साईकिलें प्राप्त कर ₹ 5,000 ठेला भाड़ा के चुकाए। राहुल ने 30 साईकिलें बेच दी। असामान्य हानि व बिना बिके माल का मूल्य ज्ञात कीजिए।** **[2]**

Kuldeep sent 50 cycles @ ₹ 2,000 per cycle to Rahul on consignment and paid ₹ 10,000 for consignment expenses. On the way 10 cycles were stolen. Rahul took the delivery of remaining cycles and paid freight ₹ 5,000. Rahul sold 30 cycles. Calculate the value of Abnormal loss and unsold stock.

**13)** **फुटबाल क्लब का आय–व्यय खाता ₹ 2,500 का घाटा बताता है किंतु इसमें अभी निम्न समायोजन करने बाकी है– बकाया वेतन ₹ 400, पूर्वदत्त किराया ₹ 300, उपार्जित ब्याज ₹ 400 एवं अनुपार्जित चंदा ₹ 200 आय–व्यय खाते का सही परिणाम ज्ञात कीजिए।** **[2]**

Income and Expenditure Account of football club reveals a deficit of ₹ 2,500 but the following adjustments are to be made yet in it: Outstanding salaries ₹ 400; Prepaid Rent ₹ 300; Accrued Interest ₹ 400 and Unearned subscription ₹ 200. Find correct result of Income & Expenditure A/c.

**14)** **निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के आय–व्यय खाते में खेल सामग्री के व्यय को समायोजन सहित दिखाइए :** **[2]**

| | | |
|---|---|---|
| 2016 | | |
| अप्रैल 1 | खेल सामग्री का स्टॉक | ₹ 4,000 |
| अप्रैल 1 | खेल सामग्री के बकाया | ₹ 1,000 |
| 2017 | | |
| मार्च 31 | वर्ष में खेल सामग्री की राशि चुकाई | ₹ 5,600 |
| मार्च 31 | खेल सामग्री के बकाया | ₹ 1,400 |
| मार्च 31 | खेल सामग्री का स्टॉक | ₹ 3,600 |

From the following information, show the expenses of games material with adjustment in Income & Expenditure Account for the year ending 31st March 2017:

| | | |
|---|---|---|
| 2016 | | |
| Apr. 1 | Stock of games material | ₹ 4,000 |
| Apr.1 | Outstanding for games material | ₹ 1,000 |
| 2017 | | |
| Mar. 31 | Amount paid for games material during the year | ₹ 5,600 |
| Mar. 31 | Outstanding for games material | ₹ 1,400 |
| Mar.31 | Stock of games material | ₹ 3,600 |

15) **गौरव और महेश साझेदार हैं व लाभों को 2:1 के अनुपात में बाँटते है। 1 अप्रैल 2016 को उनकी पूंजी क्रमशः ₹ 6,00,000 व ₹ 4,00,000 हैं। साझेदारी संलेख में पूंजी पर 5% वार्षिक ब्याज और महेश को ₹ 3,750 प्रति तिमाही वेतन का प्रावधान है। 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए, पूंजी पर ब्याज और वेतन का प्रावधान करने से पहले, ₹ 30,000 का लाभ है। वर्ष के लिए लाभों का विभाजन दिखाते हुए लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए।** **[4]**

Gaurav and Mahesh are partners sharing profits in the ratio of 2:1. On 1st April 2016 their capital is respectively ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000. The partnership deed provided interest on capital @ 5% p.a. and salary to Mahesh as ₹ 3,750 per quarter. The net profit before providing interest on capital and salary amounts to ₹ 30,000 for the year ended 31st March 2017. Prepare Profit & loss Appropriation A/c and show the distribution of profit for the year.

16) **पी, क्यू व आर एक फर्म में साझेदार हैं। आर 1 अप्रैल 2016 को फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। उस तिथि को उनकी पूंजी का क्रेडिट शेष ₹ 60,000 था। यह निश्चय किया गया कि फर्म द्वारा आर को देय राशि 10% वार्षिक ब्याज सहित दो समान अर्द्धवार्षिक किस्तों में चुकायी जाएगी। आर का ऋण खाता बनाइए यह मानते हुए कि खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद होते हैं।** **[4]**

P, Q and R are partners in a firm. On 1st April 2016, R retires from the firm. On that date the credit balance of his capital A/c stood at ₹ 60,000. It is agreed to pay his due amount in two equal half yearly installments with interest @ 10% p.a. Prepare R's loan A/c assuming that the accounts are closed on 31st March every year.

**17)** **अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं। 31 मार्च 2017 को उन्होनें फर्म को समाप्त करने का निश्चय किया। समापन की तिथि को अ, ब तथा स की पूँजियाँ क्रमश ₹ 10,000, ₹ 60,000 तथा ₹ 40,000 थीं। वसूली खाता ₹ 60,000 का नाम शेष प्रदर्शित करता है। ब ने देनदारों को ₹ 10,000 में लिया तथा स ने ₹ 5,000 के लेनदारों को भुगतान करने का वादा किया। अ दिवालिया हो गया तथा उसकी निजी सम्पत्तियों से केवल ₹ 2,000 वसुल हुए। गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू करते हुए साझेदारों का पूंजी खाता बनाइए। यह मानते हुए कि साहुकार साझेदार 'वसूली की हानि' में अपना हिस्सा नकद नहीं लाएगें।** **[4]**

A, B and C are partners in a firm. They decided to dissolve the firm on 31st Mar., 2017. On the date of dissolution, the capitals of A, B and C are ₹ 10,000, 60,000 and 40,000 respectively. Realisation A/c showed a debit balance of ₹ 60,000. B took over debtors at ₹ 10,000 and C promised to pay ₹ 5,000 to creditors. A become insolvent and only ₹ 2,000 could realise from his estate. Prepare Partners Capital Account as per Garner Vs Murray Rule. The solvent partners will not bring cash for his share of realisation loss.

**18)** **भारतीय कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के अनुसार केवल मुख्य शीर्षकों को दिखाते हुए एक कंपनी के चिट्ठे का प्रारूप बनाइए।** **[4]**

Prepare a format of company Balance Sheet with only main headings as per Indian Companies Act 2013 schedule III.

**19)** **संयुक्त साहस और साझेदारी में कोई चार अंतर बताइये?** **[4]**

State any four points of difference between Joint Venture and Partnership.

**20)** **चेन्नई के ओमप्रकाश ने उदयपुर के विक्रांत को 600 साड़ियां दर ₹ 300 प्रति साड़ी लागत पर प्रेषित की। ओमप्रकाश ने प्रेषण पर ₹ 6,000 व्यय किये। ओम प्रकाश ने ₹ 50,000 की राशि का तीन माह का विनिमय बिल विक्रांत पर लिखा जिसे उसने स्वीकार किया। ओमप्रकाश ने बिल को ₹ 49,000 में बैंक से भुना लिया। विक्रांत ने ₹ 1800 चुंगी के चुकाये और 500 साड़िया @ ₹ 400 प्रति साड़ी बेच दी। 40 साड़िया गोदाम से चोरी हो गयी। विक्रांत को 10% सामान्य कमीशन देय है। विक्रांत की पुस्तकों में ओम प्रकाश का खाता बनाइए तथा असामान्य हानि की गणना कीजिए।** **[4]**

Mr. Om Prakash of Chennai consigned 600 sarees @ ₹ 300 per saree cost price to Vikrant of Udaipur. Om Prakash paid ₹ 6,000 as expenses on consignment. Om Prakash wrote a bill on Vikrant ₹ 50,000 for three months, which is accepted by him. Om Prakash discounted it from bank for ₹ 49,000. Vikrant paid Octroi ₹ 1800 and sold 500 sarees @ ₹ 400 per saree. 40 sarees were stolen from godown. Vikrant is entitled for 10% general commission. Prepare Om Prakash A/c in the books of Vikrant and also calculate the value of Abnormal loss.

**21)** रितेश क्लब के 50 नियमित सदस्य हैं जो प्रत्येक ₹ 100 मासिक चंदा देते हैं। क्लब ₹ 100 मासिक भवन का किराया चुकाता है। अन्य सूचनाएँ निम्नलिखित है :

i) 1 अप्रैल 2016 को रोकड़ शेष ₹ 2,000 है।

ii) 5 सदस्यों ने 2 माह के चन्दे का भुगतान नहीं किया है।

iii) मार्च 2017 माह का भवन किराया बकाया है।

iv) ₹ 5,000 का फर्नीचर नकद खरीदा।

v) वेतन एवं स्टेशनरी पर क्रमशः ₹ 10,000 एवं ₹ 2,000 चुकाये।

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय-व्यय खाता बनाइए। **[4]**

There are 50 regular members of Ritesh club, each pays ₹ 100 monthly towards subscription. The club pays ₹ 100 as monthly rent for the building. Other informations are as follows :

i) Cash balance is on 1st April 2016 is ₹ 2,000.

ii) 5 members have not paid subscription of two months.

iii) The rent of building for March 2017 is outstanding.

iv) Furniture worth ₹ 5,000 purchased in cash.

v) Salary and stationery paid ₹ 10,000 and ₹ 2,000 respectively.

Prepare Receipts & Payments Account and Income & Expenditure A/c for the year ending 31st Mar. 2017.

**22)** रमेश और सुरेश साझेदार है जो कि लाभों को क्रमशः 5:3 के अनुपात में बांटते हैं। 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष को उनका चिट्ठा इस प्रकार था:- **[6]**

चिट्ठा

| दायित्त्व | राशि (₹) | संपत्तियां | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 30,000 | रोकड़ | 20,500 |
| सामान्य संचय | 4,000 | देनदार - 40,000 | |
| पूंजी -रमेश-80,000 | | घटाइये-डूबत ऋण प्रावधान 1,500 | 38,500 |
| सुरेश-50,000 | 1,30,000 | स्टॉक | 56,000 |
| | | विनियोग | 8,000 |
| | | प्लाण्ट | 25,000 |
| | | लाभ-हानि खाता | 16,000 |
| | 1,64,000 | | 1,64,000 |

महेश निम्न शर्तों पर साझेदारी में प्रवेश करता हैं :–

i) नया लाभ विभाजन अनुपात 3:3:2 होगा।

ii) महेश पूंजी के रूप में ₹ 40,000 नकद लाता हैं।

iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 24,000 किया गया। महेश ख्याति में अपना हिस्सा नकद लाता है।

iv) सुरेश ने सभी विनियोग ₹ 6,500 में ले लिए।

v) रहतिये का मूल्य ₹ 50,000 तक कम कर दिया।

vi) संदिग्ध ऋणों का प्रावधान देनदारों पर 5% की दर से कर दिया जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते बनाइए।

अथवा

अ, ब व स एक फर्म में साझेदार है जो लाभों को 5:3:2 में बांटते हैं। 31 मार्च 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :– **[6]**

स्थिति विवरण

| दायित्त्व | राशि ₹ | संपत्तियां | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 11,000 | बैंक शेष | 8,000 |
| संचय | 6,000 | देनदार | 8,000 |
| पूंजी :– | | स्टॉक | 10,000 |
| अ - 30,000 | | एकस्व | 11,000 |
| ब - 25,000 | | मशीनरी | 30,000 |
| स - 15,000 | 70,000 | भवन | 20,000 |
| | 87,000 | | 87,000 |

1 अक्टुबर 2017 को अ की मृत्यु हो जाती है। अ के निष्पादक तथा शेष साझेदारों में निम्नलिखित सहमति हुईः–

i) ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्ष के लाभो के औसत का 2½ गुना करना है। पिछले चार वर्ष के लाभ इस प्रकार थे :–

2013-14 = 13,000; 2014-15=12,000; 2015-16=20,000; 2016-17=15,000

ii) एकस्व का मूल्यांकन ₹ 8,000; मशीनरी ₹ 28,000 तथा भवन ₹ 25,000 पर करना है।

iii) वर्ष 2017-18 के लाभ की गणना गत वर्ष के लाभ के आधार पर करनी हैं।

iv) पूंजी पर ब्याज 10 प्रतिशत वार्षिक दर से लगाना है।

v) अ को देय धनराशि की आधी धनराशि उसके निष्पादक को तत्काल दे दी गई तथा शेष उसके (निष्पादक) ऋण खाते में हस्तांतरित कर दी गई।

1 अक्टुबर 2017 को अ का पूंजी खाता तथा अ के निष्पादक का खाता बनाइए।

Ramesh and Suresh are partners sharing profits in the ratio of 5:3. Their Balance Sheet as on 31st Mar. 2017 was as follows :

Balance Sheet

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 30,000 | Cash | | 20,500 |
| General Reserve | 4,000 | Debtors - | 40,000 | |
| Capitals:Ramesh-80,000 | | Less: prov. for | | |
| Suresh - 50,000 | 1,30,000 | bad debts | 1,500 | 38,500 |
| | | Stock | | 56,000 |
| | | Investments | | 8,000 |
| | | Plant | | 25,000 |
| | | P & L A/c | | 16,000 |
| | 1,64,000 | | | 1,64,000 |

Mahesh is admitted into partnership on the following terms :

i) The new profit sharing ratio will be 3:3:2.

ii) Mahesh brings ₹ 40,000 as his capital.

iii) The goodwill of the firm is valued at ₹ 24,000. Mahesh brings his share in cash.

iv) Suresh took over Investments at ₹ 6,500.

v) Stock is to be reduced upto ₹ 50,000.

vi) Provision for doubtful debts should be @ 5% on debtors.

Prepare Revaluation Account and Partner's capital A/c.

OR

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5:3:2. On 31st March, 2017, their Balance Sheet was as under :

Balance Sheet

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 11,000 | Bank balance | 8,000 |
| Reserves | 6,000 | Debtors | 8,000 |
| Capitals : | | Stock | 10,000 |
| A - 30,000 | | Patents | 11,000 |
| B - 25,000 | | Machinery | 30,000 |
| C - 15,000 | 70,000 | Building | 20,000 |
| | 87,000 | | 87,000 |

A died on 1st October 2017. It was agreed between his executors and the remaining partners that :

i) Goodwill to be valued at 2½ years purchase of the average profits of the previous four years which were :

2013-14 = 13,000; 2014-15=12,000; 2015-16=20,000; 2016-17=15,000

ii) Patents be valued at ₹ 8,000; Machinery ₹ 28,000 and building at ₹ 25,000.

iii) Profit for the year 2017-18 is to be calculated on the basis of previous year profit.

iv) Interest on capital be provided at 10% p.a.

v) Half of the amount due to A to be paid immediately to the executor and the balance transferred to his (Executor) loan A/c.

Prepare A's Capital A/c and A's Executor's A/c as on 1st October 2017.

**23)** नुसरत लि. ने ₹ 10 वाले 20,000 समता अंश जनता को निर्गमित किये। 30,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। राशि का भुगतान क्रमशः आवेदन पर ₹ 3, बंटन पर ₹ 3, प्रथम मांग पर ₹ 2 तथा अंतिम मांग पर ₹ 2 देय था। 28,000 अंशों के आवेदकों को यथानुपात बंटन किया गया तथा शेष आवेदकों को राशि लौटा दी गई। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का उपयोग बंटन राशि के समायोजन में किया गया। सभी राशियां यथा समय प्राप्त हो गयी सिवाय मनीषा एक अंशधारी जिसने 1,400 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने अंतिम मांग राशि का भुगतान नहीं किया।

कंपनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियां दीजिए। (विवरण लिखने की आवश्यकता नहीं है)। **[6]**

Nusrat Ltd. issued 20,000 equity shares of ₹ 10 each to public. Applications were received for 30,000 shares. Amount was payable as follows: On Application ₹ 3, On Allotment ₹ 3; On first call ₹ 2 and on second & final call ₹ 2. Application of 28,000 shares were made prorata allotment and amount of remaining applicants were refunded. Excess application money was utilised to adjust allotment. All the amount was received in time except one share holder Manisha who had applied for 1,400 shares did not pay second & final call.

Give journal entries in the books of company.

(Narrations are not necessary)

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**खण्ड ब के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में 7 प्रश्न हैं। परिक्षार्थियों को किसी एक भाग के सात प्रश्नो को हल करना है।**

Section B has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt any set of seven questions of any one portion.

**24)** **अन्तः फर्म तुलना से आप क्या समझते हैं?** **[1]**

What do you mean by Inter firm comparison?

**25)** 2:1 **के चालू अनुपात पर 'उधार माल बेचा' का क्या प्रभाव पड़ेगा? कारण भी बताइए।** **[1]**

What will be the impact of 'Goods sold on credit' on a current Ratio of 2:1? State with reason.

**26)** **वित्तीय विश्लेषण की कोई चार तकनीकों के नाम लिखिए।** **[2]**

Write the names of any four techniques of financial analysis.

**27) निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से विनियोग पर प्रत्याय (विनियोजित पूंजी पर प्रत्याय) दर की गणना कीजिए: [2]**

**ब्याज तथा कर के पश्चात् का शुद्ध लाभ** = ₹ 60,000

**कर का दर** = 40%

10% **ऋणपत्र** = ₹ 1,00,000

**कुल सम्पत्तियाँ** = ₹ 12,00,000

**चालू सम्पत्तियाँ** = ₹ 3,00,000

**चालू दायित्त्व** = ₹ 1,00,000

From the following information, calculate Rate of Return on Investment (Return on Capital employed).

Net profit after Interest & Tax = ₹ 60,000

Tax Rate = 40%

10% Debentures = ₹ 1,00,000

Total Assets = ₹ 12,00,000

Current Assets = ₹ 3,00,000

Current liabilities = ₹ 1,00,000

28) निम्नांकित सूचनाओं से तुलनात्मक आय विवरण को पूर्ण कीजिये। (प्रश्न चिन्ह वाले स्थानों को भरिये) [4]

| Particulars | Note No. | 31 मार्च 2016 | 31 मार्च 2017 | वास्तविक परिवर्तन ₹ | परिवर्तन प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| I. संचालन क्रियाओं से आगम | | 30,00,000 | 40,00,000 | 10,00,000 | ? |
| II. व्यय | | | | | |
| a) कर्मचारी हित व्यय | | 16,00,000 | ? | 6,00,000 | ? |
| b) ह्रास एवं अपलेखन व्यय | | 8,00,000 | ? | ? | 25 |
| c) अन्य व्यय | | 2,00,000 | ? | ? | 50 |
| कुल (योग) II → | | 26,00,000 | 35,00,000 | 9,00,000 | 34.61 |
| III. कर पूर्व लाभ (I-II) | | 4,00,000 | 5,00,000 | 1,00,000 | 25 |
| IV. less :- कर | | 1,20,000 | 1,50,000 | 30,000 | ? |
| V. कर पश्चात् लाभ (III-IV) | | 2,80,000 | 3,50,000 | 70,000 | 25 |

Complete the comparative Balance sheet from the following information (fill the missing values which are shown by Question mark sign) :-

| Particulars | Note No. | 31 March 2016 | 31 March 2017 | Absolute Change ₹ | Percentage Change % |
|---|---|---|---|---|---|
| I. Revenue from Operations | | 30,00,000 | 40,00,000 | 10,00,000 | ? |
| II. Expenses | | | | | |
| a) Employees benefit expenses | | 16,00,000 | ? | 6,00,000 | ? |
| b) Depreciation and Amortisation expenses | | 8,00,000 | ? | ? | 25 |
| c) Other expenses | | 2,00,000 | ? | ? | 50 |
| Total of II | | 26,00,000 | 35,00,000 | 9,00,000 | 34.61 |
| III. Profit Before tax (I-II) | | 4,00,000 | 5,00,000 | 1,00,000 | 25 |
| IV. less :- Tax | | 1,20,000 | 1,50,000 | 30,000 | ? |
| V. Profit after tax (III-IV) | | 2,80,000 | 3,50,000 | 70,000 | 25 |

29) एक पेशेवर लेखाकार के लिए नैतिकता का पालन करना क्यों आवश्यक है? समझाइये। [4]

Why it is essential for a professional Accountant to follow the ethics? Explain.

30) नीचे दी गई सूचनाओं से निम्न अनुपातों की गणना कीजिए :- [6]

i) चालू अनुपात

ii) अम्ल परख अनुपात

iii) स्कन्ध आवर्त्त अनुपात

iv) परिचालन अनुपात

v) व्यापारिक प्राप्य आवर्त्त अनुपात

vi) स्वामित्त्व अनुपात

चालू संपत्तियाँ = ₹ 5,00,000

प्रारंभिक स्कन्ध = ₹ 1,00,000

अंतिम स्कन्ध =₹ 1,50,000

संचालन क्रियाओं से प्राप्त आगम (बिक्री) = ₹ 14,00,000

सकल लाभ = ₹ 4,00,000

चालू दायित्त्व = ₹ 2,00,000

परिचालन लाभ अनुपात = 26%

प्रारंभिक व्यापारिक प्राप्य =₹ 3,00,000

अंतिम व्यापारिक प्राप्य = ₹ 4,00,000

स्वामित्त्व कोष = ₹ 6,00,000

कुल सम्पत्तियाँ = ₹ 15,00,000

अथवा

विनियोग विश्लेषण अनुपातों को उदाहरण सहित समझाइए? [6]

17
From the following informations, Calculate the following Ratios :-

i) Current Ratio

ii) Acid Test Ratio

iii) Inventory Turnover Ratio

iv) Operating Ratio

v) Trade Receivable Turnover Ratio

vi) Proprietory Ratio

Current Assets = ₹ 5,00,000

Opening Inventory = ₹ 1,00,000

Closing Inventory = ₹ 1,50,000

Revenue from operations (sales) = ₹ 14,00,000

Gross profit = ₹ 4,00,000

Current liabilities = ₹ 2,00,000

Operating profit Ratio = 26%

Opening Trade Receivable = ₹ 3,00,000

Closing Trade Receivable = ₹ 4,00,000

Shareholder's fund = ₹ 6,00,000

Total Assets = ₹ 15,00,000

OR

Explain Investment Analysis Ratios with examples?

अथवा/OR

## खण्ड – ब

## SECTION - B

24) एनालॉग कम्प्यूटर से आप क्या समझते हैं? [1]

What do you mean by Analog Computer?

25) एन्टीटी संबंध मॉडल क्या होता है? [1]

What is Entity Relationship Model?

26) एम. एस. एक्सेल स्प्रेडशीट के कोई दो महत्त्व बताइए। [2]

Give any two importances of MS Excel spreadsheet.

27) वर्कशीट में हम रोज़ और कॉलम का आकार किस प्रकार बढ़ा एवं घटा सकते हैं? [2]

How can we resizing Rows and Columns in worksheet?

28) डेटाबेस मैनेजमेन्ट सिस्टम के कार्यों की व्याख्या कीजिए। [4]

Explain the functions of Database management system.

29) मैनुअल लेखा प्रणाली एवं कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) [4]

State the point of differences between Manual Accounting system and Computerized Accounting system. (Any four)

30) **निम्न फंक्शनस को उदाहरण देकर समझाइये।** **[6]**

i) PMT

ii) PPMT

iii) IPMT

**अथवा**

**एम. एस. एक्सल स्प्रेडशीट की विशेषताओं को समझाइये।** **[6]**

Explain the following functions with suitable examples.

i) PMT

ii) PPMT

iii) IPMT

OR

Explain the features of MS Excel spreadsheet.

ⓘⓘⓘⓘ